राजस्थान सरकार

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः प. 8 (युवा महोत्सव) एन0एस0एस0/2019/505 जयपुर, दिनांकः 11 फरवरी, 2020

प्राचार्य,
राजकीय / निजी महाविद्यालय
जिला मुख्यालय, राजस्थान।

विषय : गांधी 150 के अन्तर्गत राज्य के महाविद्यालयों में गांधी विचार संवाद हेतु ।
संदर्भः–राजस्थान पत्रांक प. 1 (4) कस/शाअप्रा/2019 दिनांक 5–2–2020

महोदय,

जैसा कि आपको विदित है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मोत्सव की 150 वीं स्मरणांजलि आयोजित की जा रही है । राजस्थान सरकार ने इस दिशा में अत्यन्त महत्वपूर्ण कार्यक्रम 2 वर्ष तक आयोजित करना निश्चित किया है । कार्यक्रमों के अन्तर्गत गांधी विचारों के प्रचार प्रसार हेतु एक शांति एवं अहिंसा प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है । प्रकोष्ठ के साथ एक सलाहकार नोडल भी गठित किया गया है जिसमें प्रसिद्ध गांधीवादी विचारक श्री डी. आर. मेहता, श्री जी. एस. बाफना एवं श्री एस0एस0 बिस्सा आदि भी शामिल हैं । ।

उक्त के अतिरिक्त प्रतिष्ठित गांधी वादी श्री पी. वी. राजगोपाल के नेतृत्व में जय जगत विषय वस्तु पर विश्व भर में गांधी शांति यात्रा आयोजित हो रही है । शांति यात्रा के 5 सदस्य दिनांक 12 फरवरी, 2020 से 27 फरवरी, 2020 तक राजस्थान में रहेंगे । प्रकोष्ठ के सलाहकार बोर्ड का विचार है कि शांति यात्रा के पांच सदस्यों का उद्‌बोधन उक्त कालखंड में राज्य के मंडल स्तर पर स्थित महाविद्यालयों में करवाया जावे । सभी सात सम्भागीय मुख्यालयों पर स्थित राजकीय/निजी महाविद्यालयों में यह कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय किया गया है। अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि शांतियात्रा के सदस्य, प्रकोष्ठ सदस्य/संबद्ध गांधी वादी चिंतक गण के आने पर उनके उद्‌बोधन सम्बन्धी आवश्यक व्यवस्था सम्पादित करवाएं ।

भवदीय,

(बाबूलाल गोयल)
अतिरिक्त आयुक्त
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

प्रतिलिपिः– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, कला एवं संस्कृति विभाग, राजस्थान
2. श्री श्याम सुन्दर बिस्सा, समन्वयक एडवाईजरी कमेटी, शांति एवं अंहिसा प्रकोष्ठ (कला एवं संस्कृति विभाग) खादी भवन ,जेएलएन मार्ग, जयपुर।
3. राज्य सम्पर्क अधिकारी (शिक्षा ग्रुप–4 अ) शासन सचिवालय, राजस्थान सरकार, जयपुर
4. क्षेत्रीय निदेशक, प्रादेशिक केन्द्र, एन0एस0एस0राजस्थान, जयपुर
5. वेबसाइड प्रभारी, कॉलेज शिक्षा, राज0 जयपुर अपलोड करें।

11.2.2020
(डॉ0 बनय सिंह)
समन्वयक
युवा कौशल विकास प्रकोष्ठ